**प्रकीर्ण वाद संख्या** २२९/२०२० (एम.ए.सी.पी.सं. २३९/२०१९)
श्रीमती शिवा बनाम अनुराग आदि
**१२.१२.२०२०**

पत्रावली आज **राष्ट्रीय लोक अदालत** में पेश हुई। ३बी प्रार्थनापत्र पर प्रार्थिया के विद्वान अधिवक्ता को पूर्व नियत तिथि पर सुना जा चुका है। ३बी प्रार्थनापत्र प्रार्थिया/याचिया श्रीमती शिवा द्वारा इस आशय से प्रस्तुत किया गया है, कि प्रस्तुत याचिका में न्यायाधिकरण द्वारा दिनाँक ०१.११.२०२० को राजीनामा के आधार पर लोक अदालत में ₹ ५०,००० का एवार्ड पारित किया गया है, जिसके अनुपालन में विपक्षी सं. ३ बीमा कम्पनी द्वारा उक्त धनराशि न्यायाधिकरण के सिन्डीकेट बैंक शाखा गोबिन्द चौराहा, झाँसी में स्थानान्तरित कर दी गयी है, जिसका यू.टी.आर. नं. N 323201312949178 है। अतः प्रार्थी ने उक्त जमाशुदा प्रतिकर की धनराशि मय ब्याज उसके पक्ष में स्थानान्तरित किये जाने की याचना की है। समर्थन में स्वयं का ४सी२ शपथपत्र व आधार कार्ड व बैंक खाते की छाया प्रति दाखिल की गयी हैं।

प्रस्तुत प्रकीर्ण वाद व एम.ए.सी.पी. सं. २३९/२०१९ श्रीमती शिवा बनाम अनुराग आदि की पत्रावलियों एवं कार्यालय आख्या का अवलोकन किया गया। उक्त एम.ए.सी.पी. सं. २३९/२०१९में न्यायाधिकरण द्वारा दिनाँक ०१.११.२०२० को सुलहनामा के आधार पर ई लोक अदालत में ₹ ५०,००० का एवार्ड पारित किया गया है, जो धनराशि याची को आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से उसके बैंक खातें में नकद प्राप्त होनी है। कार्यालय आख्या के अनुसार बीमा कम्पनी द्वारा यू.टी.आर.नं. N 323201312949178 के जरिये ₹ ५०,००० सिन्डीकेट बैंक, गोबिन्द चौराहा झाँसी में जमा होने की प्रविष्टि है। प्रार्थिया द्वारा अपने शपथपत्र में प्रार्थनापत्र के कथनों का समर्थन किया है तथा यह भी कथन किया है कि न्यायाधिकरण के उक्त आदेश के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय में कोई अपील प्रस्तुत नहीं की गई है। प्रार्थिया द्वारा अपने बैंक खाते की छाया प्रति दाखिल की गई है। अतः मेरे विचार से न्यायाधिकरण के उक्त आदेश के अनुपालन में प्रार्थिया प्रकरण में जमाशुदा प्रतिकर की धनराशि अपने बैंक खाते में जरिए आर.टी.जी.एस./नेफ्ट नकद प्राप्त करने के अधिकारी है।

**आदेश**

सिन्डीकेट बैंक शाखा गोबिन्द चौराहा, झाँसी को आदेशित किया जाता है कि वह एम.ए.सी.पी. सं. २३९/२०१९ (प्रकीर्ण वाद सं. २२९/२०२० श्रीमती शिवा बनाम अनुराग आदि) के प्रकरण में जमाशुदा क्षतिपूर्ति धनराशि मय ब्याज प्रार्थिया को निम्न सारिणी के अनुसार भुगतान कर दें:-

| Applicant/ Petitioner | Amount in ₹ | +(%of) Interest Accrued on Deposited Amount | Mode of Disbursement | Bank Account Number | Bank | IFSC Code |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Smt. Shiva | 50000 | 100% | Elect. Mode RTGS/NEFT | 92352010011091 | Syndicate Bank, Govind Chauraha Jhansi | SYNB0009235 |
| Total | 50000 | 100% | | | | |

तदनुसार अनुपालन आख्या तत्काल जरिये ई-मेल एवं वाट्सएप न्यायाधिकण को प्रेषित की जाय। ३बी प्रार्थनापत्र तदनुसार निस्तारित। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(चंद्रोदय कुमार)
पी.ओ., एम.ए.सी.टी., झाँसी।

Digitally signed by CHANDRODAY KUMAR
Date: 2020.12.15 22:15:09 IST
Reason: PO
Location: MACT JHANSI